प्रयास फ्रेमवर्क में उन्हाणी राजकीय कन्या महाविद्यालय ने प्रदेशभर में 16वां स्थान प्राप्त कर पाया 'ए' ग्रेड

भास्कर न्यूज | कनीना

उच्चत्तर शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक गुणवक्ता के विकास के लिए प्रयास फ्रेमवर्क बनाया गया था। जिसमें प्रदेश के 157 महाविद्यालयों ने भाग लिया। इसमें राजकीय कन्या महाविद्यालय उन्हाणी ने प्रथम वर्षोपरान्त ही 16वां स्थान प्राप्त कर विशिष्ट उपलब्धि को हासिल किया है। जिसके उन्नयन का प्रमाणपत्र महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रम यादव को उच्चत्तर शिक्षा विभाग के निदेशक ए.श्रीनिवास द्वारा दिया गया है।

इस आधार पर हुआ मूल्यांकन : प्राचार्य डॉ. विक्रम यादव ने बताया कि 12 बिन्दुओं पर आधारित इस अकादमिक मूल्यांकन में उन्हाणी महाविद्यालय ने आधारित संरचना, सृजनात्मक गतिविधियों, सामाजिक प्रभाव, अध्ययन, अध्यापन, शैक्षणिक गुणवत्ता, रोजगार क्षमता, शासन व प्रबंधन इत्यादि के आधार पर कुल 500 अंकों में से 322 अंक प्राप्त किए हैं। इस उपलब्धि पर प्राचार्य ने कहा कि छात्राओं के सर्वांगिण विकास हेतु प्रयत्नशील यह महाविद्यालय आगामी वर्षों में भी गुणवत्तापरक शिक्षा देने के लिए प्रयासरत होगा। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय महाविद्यालय में कार्यशील मेहनती व अनुभवी डॉ. कांता, डॉ. सुधीर यादव, डॉ. सीमा, नीतू, धनेश, सोमेश, कविता, कंवर सिंह, दिनेश आदि को दिया।

उच्चत्तर शिक्षा विभाग द्वारा जारी सर्टिफिकेट।

23/11/2019

दैनिक भास्कर